विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के 1-गुरूवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-1 का उत्तर।

---

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 1-(क) क्या उप मुख्यमंत्री बतायेंगे कि ग्राम चौराडीह ब्लाक चायल जनपद कौशाम्बी में चार बेड का अस्पताल/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने हेतु डा0 संजय लाठर तत्कालीन नेता विरोधी दल विधान परिषद् उ0 प्र0 का पत्र दिनांक 23 मई, 2022 जोकि अपर मुख्य सचिव मुख्य मंत्री उ0प्र0 को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है ? | अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या-596क(1)/पॉच-6-17 दिनांक 06.05.2017 के द्वारा प्रदेश में चिकित्सकीय/पैरामेडिकल स्टाफ की कमी के दृष्टिगत विभाग द्वारा नये चिकित्सालयों के स्थापना की प्राथमिकता निर्धारित न कर निर्मित /निर्माणाधीन चिकित्सालयों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक मानव/वित्तीय संसाधनो की अभिवृद्धि हेतु समुचित कार्यवाही की प्राथमिकता निर्धारित की गयी है। उक्त के क्रम में प्रश्नगत निर्माण कार्य कराये जाने का औचित्य नहीं पाया गया है। |
| (ग) उक्त कार्य कब तक पूर्ण करा दिया जायेगा ? | प्रश्न नहीं उठता। |

ब्रजेश पाठक
उप मुख्यमंत्री